**Need to commence functioning of Kendriya Vidyalaya in Aravalli district, Gujarat.-laid**

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(**साबरकांठा**) :** मैं अरवल्ली जिला, गुजरात के लिए स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय के शीघ्र संचालन के विषय को सरकार के समक्ष रखना चाहती हूँ। जिला प्रशासन द्वारा विद्यालय हेतु निर्धारित भूमि की जानकारी एवं स्थल की स्थिति से संबंधित प्रस्ताव क्षेत्रीय उपायुक्त (KVS), अहमदाबाद को प्रस्तुत कर दिया गया है। यह भूमि KVS के निर्धारित मानकों के अनुरूप है, किंतु स्थल का समतलीकरण आवश्यक है। वर्ष 2023 से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के साथ निरंतर पत्राचार के बावजूद विद्यालय का संचालन नही हो पाया है। अतः मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि अरवल्ली जिले के लिए स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र संचालित किया जाये। विद्यालय स्थल के समतलीकरण हेतु आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए, जिससे निर्माण कार्य में विलंब न हो। जब तक स्थायी भवन का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तब तक KVS के नियमों के अनुरूप किसी किराए के भवन में विद्यालय का संचालन आरंभ किया जाए। मैं माननीय मंत्री जी से इस प्रकरण का समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूँ।